भ्रष्टाचार-रोधी संहिता

BELIEVE ग्रुप

Believe ग्रुप की मूल कंपनी है फ्रांसीसी कंपनी Believe
SAS शेयर पूंजी €401,440.69 के साथ - SIRET 481 625 853 00066 – APE 5920Z
इंट्रा-कम्युनिटी नं.: FR 06,481,625,853
पंजीकृत कार्यालय: 24 rue Toulouse Lautrec - 75017 Paris टेली.: + 33 1 53 09 34 00
www.believe.fr

परिचय

Believe ग्रुप (आगे से "**Believe**") का मिशन सभी कलाकारों और लेबल के विकास के लिए उनके करियर के सभी चरणों में सेवा प्रदान करना और सर्वोत्तम सहयोग करना है।

इस मिशन को पूरा करने और विकास करना जारी रखने के लिए, Believe की मंशा अपनी गतिविधियों को चार प्रमुख मूल्यों के इर्द-गिर्द निर्मित करने की है जिसे Believe के कर्मचारियों और भागीदारों (पार्टनर्स) द्वारा साझा करना होगा और जिसके लिए Believe को अनुकरणीय होना होगा, ये हैं: विशेषज्ञता, सम्मान, पारदर्शिता और निष्पक्षता।

ईमानदारी और भ्रष्टाचार या रसूख के इस्तेमाल (इन्फ्लुएंस पैडलिंग) के खिलाफ लड़ाई Believe के लिए मूलभूत सिद्धांत हैं, जो विशेष रूप से पारदर्शिता और निष्पक्षता के उन मूल्यों के लिए प्रतिक्रियाशील हैं जो इसे महत्वपूर्ण ठहराते हैं। भ्रष्टाचार या रसूख का इस्तेमाल करना एक गंभीर कृत्य है जो न सिर्फ Believe और इसके कर्मचारियों के लिए, बल्कि इसके ग्राहकों के लिए भी अत्यधिक नुकसानदायक, कानूनी और वित्तीय दुष्परिणामों का कारण बन सकता है, और Believe की प्रतिष्ठा को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकता है।

इसलिए Believe फ्रांस और विदेशों में Believe से संबंध रखने वाली सभी कंपनियों के अपने प्रशिक्षुओं, अस्थायी स्टाफ और सलाहकारों जैसे बाहरी और आकस्मिक कर्मचारियों सहित निदेशकों, कर्मचारियों (आगे से "**कर्मचारी(रियों)**") के किसी भी अनुचित व्यवहार का निषेध करने और दंडित करने का दायित्व लेती है।

इस कारण से, Believe प्रबंधन ने एक भ्रष्टाचार-रोधी संहिता का मसौदा तैयार करने का फैसला किया है, जो कि Believe आचार संहिता, और अधिक सामान्य रूप से Believe अनुपालन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें अनिवार्य भ्रष्टाचार-रोधी प्रशिक्षण की निगरानी शामिल है।

मुझे विश्वास है कि आप इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता को ध्यान से पढ़ेंगे, फिर Believe के मूल्यों और भ्रष्टाचार के खिलाफ इसकी प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी दैनिक गतिविधियों में इसे लागू और प्रवर्तित करेंगे।

Denis Ladegaillerie (डेनिस लडीगेलरी)

Believe के प्रेसीडेंट(अध्यक्ष)

भूमिका

1.1. भ्रष्टाचार-रोधी संहिता का दायरा

यह भ्रष्टाचार-रोधी संहिता Believe के आंतरिक विनियमों (आगे से "**आंतरिक विनियम**") का अभिन्न अंग है। यह हर समय Believe के इंट्रानेट पर और आंतरिक नियमों में उपलब्ध है और/या कर्मचारियों को उनके कार्यभार ग्रहण करते समय उपलब्ध कराया जाता है।

यह भ्रष्टाचार-रोधी संहिता सभी कर्मचारियों पर लागू होती है, भले ही वो कोई भी कार्य करते हों। प्रतिबंधों के दंड के अंतर्गत, उन सभी को यहां निर्धारित सभी दायित्वों का पालन करना होगा।

कर्मचारियों पर यह भी सुनिश्चित करने का दायित्व है कि:

- अपने निर्माताओं, कलाकारों, वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, सेवा प्रदाताओं, मध्यस्थों और, सामान्य रूप से, सभी Believe सह-ठेकेदारों (आगे से "**व्यावसायिक भागीदार**") का चयन करते समय, वे इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में निर्धारित किए गए सिद्धांतों का पालन करते हैं।

- यह कि व्यावसायिक भागीदारों (बिजनेस पार्टनर्स) के साथ सभी अनुबंधों में भ्रष्टाचार-रोधी प्रावधान शामिल होते हैं।

यह भ्रष्टाचार-रोधी संहिता सर्वांगीण होने के लिए नहीं है और इसका उद्देश्य कर्मचारियों द्वारा सामना की जा सकने वाली सभी परिस्थितियों को कवर करना नहीं है।

यह उन सिद्धांतों को निर्धारित करती है, जिसका उपयोग उन्हेंकोई भी निर्णय लेते समय करना चाहिए। यह सभी पर निर्भर है कि वे उत्पन्न हो सकने वाली विभिन्न स्थितियों में नियम लागू करने और निर्णय लेने मेंर बेहतर समझ का उपयोग करने के लिए इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।

शंका या सवाल होने पर, कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपनाए जाने वाले आचरण पर उनकी राय जानने के लिए अपने लाइन प्रबंधक, अनुपालन अधिकारी या कानूनी मामलों के निदेशक से संपर्क करें।

सभी कर्मचारियों को स्थानीय प्रथाओं और परंपराओं की परवाह किए बिना अपनी सभी गतिविधियां ईमानदारी और नैतिकता के साथ करनी चाहिए, और उन देशों के सभी भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए जहां Believe परिचालन करती है, जिसमें शामिल हैं, US *विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम*, *UK रिश्वत अधिनियम*, जर्मन कानून, लक्जमबर्ग कानून, भारतीय कानून, *कनाडा का कानून, इटली की आपराधिक संहिता, इटली की नागरिक संहिता, डिक्री क्रमांक 231/2001, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का कानून, जापानी कानून, सिंगापुर का कानून, साथ ही फ्रांसीसी आपराधिक संहिता और सैपिन II कानून।*

2. भ्रष्टाचार और रसूख के इस्तेमाल का निषेध

2.1. भ्रष्टाचार और रसूख के इस्तेमाल के अपराधों की परिभाषा

2.1.1. <u>भ्रष्टाचार का अपराध</u>

- भ्रष्टाचार के अपराध के लिए व्यवस्था फ्रांसीसी आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 432-11, 433-1, 435-1, 435-3, 445-1 और 445-2 में है और इनके तहत दंडनीय है।

इसे अधिनियम के रूप में परिभाषित किया गया है जहां पर कोई व्यक्ति किसी दिए गए, सार्वजनिक या निजी कार्य में, किसी उपहार के लिए अनुरोध/प्रयोजन या सहमति करता है, पेश या लवादा करता है, किसी ऐसे कार्य को करने, लंबित करने या करने से चूकने के लिए, जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उसके कर्तव्यों का हिस्सा है।

भ्रष्टाचार को तब सार्वजनिक कहा जाता है जब उसमें सार्वजनिक सेवा करने वाला व्यक्ति (आगे से "सार्वजनिक **पदाधिकारी** ") शामिल होता है। सार्वजनिक पदाधिकारी की असाधारणा की व्याख्याा व्यापक रूप से की जानी चाहिए और इसमें किसी भी ऐसे व्यक्ति को संदर्भ किया जाना चाहिए जो ऐसे सार्वजनिक प्राधिकरण का संरक्षक है, जिसे सार्वजनिक सेवा का मिशन सौंपा गया है या निर्वाचित सार्वजनिक पद सौंपा गया है। कोई अन्य व्यक्ति जिसे उस देश के राष्ट्रीय कानून के तहत ऐसाा माना गया है जिसमें Believe परिचालन करती है उसे भी एक सार्वजनिक पदाधिकारी के रूप में वर्गीकरण किया जागा।

भ्रष्टाचार तब निजी होता है जब वह निजी क्षेत्र में कार्यरत सामान्य या कानूनी व्यक्ति से संबंधित होता है।

भ्रष्टाचार का अपराध किसी अनुचित लाभ का लवादा करने भर से ही स्थापित हो जाता है, भले ही आखिर में यह लाभ प्रदान न किया गया हो।

सक्रिय भ्रष्टाचार (किसी व्यक्ति को अनुचित लाभ प्रदान करना) और निष्क्रिय भ्रष्टाचार (कोई अनुचित लाभ प्राप्त करना) का अपराध, दोनों ही आपराधिक रूप से दंडनीय हैं।

व्यवहार में, निम्नमध्यम आचरण भ्रष्टाचार के रूप में वर्जित किए जा सकते हैं:

- *Believe द्वारा वितरण किए जाने वाले टाइटिल के वितरण को बढ़ाने के लिए किसी संगीत प्लेटफॉर्म पर प्रसारण करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को कोई लाभ चाहे जो भी हो (उपहार, उपहार या छूट के वानरो, इत्यादि) प्रदान करना;*
- *कोई व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के बदले में ऐसाा सेवा प्रदाना चुना जो Believe को सर्वाधिक अनुकूल पेशकश नहीं करता है;*
- *उसके किसी कलाकार का चयन करने या नए अनुबंध को पूरा करने के बदले में Believe के किसी निर्माताा या सेवा प्रदाना से कोई उपहार या लाभ प्राप्त करना;*
- *किसी निर्माताा को किसी यात्राा की पेशकश करना ताकि वह किसी कलाकार से अन्य सेवा प्रदाना के बजाय Believe को चुनने की सिफारिश करे;*
- *प्रतिस्पर्धी की स्थिति की गोपनीय जानकरी प्राप्त करने के लिए किसी प्रतिस्पर्धी कंपनी के कर्मचारी को लाभ प्रदान करना;*
- *किसी जुर्माने से बचने या अनुकूल निर्णय प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक पदाधिकारी को कोई लाभ (किसी रिश्तेदार के लिए इंटरनैशनल या कार्यक्रमों का निमंत्रण, इत्यादि) प्रदान करना।*

2.1.2. रसूख के इस्तेमाल का अपराध

रसूख के इस्तेमाल को अपराध ठहराने की व्यवस्था फ्रांसीसी आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 432-11 और 433-2, 435-2 और 435-4 के अंतर्गत की गई है।

रसूख के इस्तेमाल को किसी व्यक्ति को किसी भी लाभ की पेशकश करने, अनुरोध करने, स्वीकारने या सौंपने, चाहे जो भी हो, के रूप में परिभाषित किया गया है ताकि वह अपने वास्तविक या काल्पनिक रसूख का दुरुपयोग किसी सार्वजनिक प्राधिकरण या प्रशासन से सम्मान, नौकरी, ठेका या कोई अन्य अनुकूल निर्णय प्राप्त करने के लिए कर सके।

इसमें तीन तरह के लोग शामिल होते हैं:

- वह व्यक्ति जो लाभ या उपहार प्रदान करता है;

- वह व्यक्ति जो उस पहचान का उपयोग करता है जो कि उसके पास उसके पद के परिणामस्वरूप है;

- वह व्यक्ति जिसके पास निर्णय लेने की शक्ति है (सार्वजनिक प्राधिकारी या प्रशासन, मजिस्ट्रेट, इत्यादि)।

सक्रिय और निष्क्रिय रसूख के इस्तेमाल के अपराध फ्रांसीसी आपराधिक संहिता द्वारा दंडनीय हैं।

व्यावहारिक रूप से, निम्नलिखित व्यवहारों के, विशेष रूप से, रसूख के इस्तेमाल के रूप में वर्णन किए जाने की संभावना है:

- *किसी सार्वजनिक पदाधिकारीी के प्रभाव का उपयोग करके कोई अनुकूल निर्णय प्राप्त करने के लिए उसके(पदाधिकारीी के) रिश्तेदार को उपहार की पेशकश करना;*
- *किसी सार्वजनिक पदाधिकारीी से अनुकूल निर्णय प्राप्त करने के लिए या उससे Believe के खिलाफ प्रतिबंध हटवाने के लिए उसके परिजन को रोजगार देना;*
- *अनुकूल प्रशासनिक निर्णय प्राप्त करने में Believe की सहायता करने के लिए किसी सार्वजनिक पदाधिकारीी को सलाहकार के रूप में नियुक्त करना।*

2.2. भ्रष्टाचार और रसूख के इस्तेमाल पर आपराधिक प्रतिबंध

भ्रष्टाचार का कृत्य या रसूख के इस्तेमाल का परिणाम Believe के लिए और इसमें शामिल कर्मचारियों के लिए फ्रांस और विदेश दोनों में बेहद भारी दंड के रूप में हो सकता है।

उदाहरण के लिए, फ्रांस में दंड इस प्रकार हैं:

- सामान्य व्यक्ति के लिए जिसने भ्रष्टाचार के कार्य में रचनाकार या साथी के रूप में भाग लिया है: 5 से 10 वर्ष का कारावास और 500,000 से 1,000,000 यूरो या अपराध के प्रतिफल के दोगुने के बराबर का जुर्माना;

- कानूनी लोगों के लिए: 2,500,000 से 5,000,000 यूरो या उल्लंघन के प्रतिफल के दोगुने के बराबर का, साथ ही साथ अतिरिक्त जुर्माना

2.3. Believe के भीतर भ्रष्टाचार और रसूख के इस्तेमाल का निषेध

ऐसे आचरण जिन्हें किसी लेनदेन के पूरा होने से पहले, उसके निष्पादन के दौरान और बाद में भी, भ्रष्टाचार और रसूख के इस्तेमाल के रूप में वर्गीकरण किए जाने की संभावना है, Believe के भीतरसख्ती से प्रतिबंधित हैं। कर्मचारी सभी भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में निर्धारित किए गए सभी नियमों का पालन करने की शपथ लेते हैं।

3. पालन किए जाने वाले नियम और निषिद्ध किए जाने वाले आचरण

3.1. उपहार और निमंत्रण

कम मूल्य के किसी उपहार या निमंत्रण की पेशकश करना कुछ देशों में शिष्टाचार का कार्य माना जा सकता है, ऐसे कार्य भ्रम पैदा कर सकते हैं और इन्हें गलत माना जा सकता है। इसीलिए हमें खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है।

वास्तव में, किसी व्यक्ति को कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने या उसके या किसी तीसरे पक्ष के कार्यों पर अनुचित रूप से कोई प्रभाव डालने के उद्देश्य से कोई उपहार या लाभ की पेशकश करने या उसे आमंत्रित करने का सख्ती से निषेध है।

इसलिए, किसी भी स्थिति में, इनका सख्ती से निषेध है:

- किसी सार्वजनिक पदाधिकारी या किसी Believe व्यावसायिक भागीदार को धनराशि देना या देने की पेशकश करना या किसी व्यावसायिक भागीदार से धनराशि प्राप्त करना;

- किसी सार्वजनिक पदाधिकारी को उपहार या निमंत्रण की पेशकश करना;

- किसी व्यक्ति को अनुचित तरीके से, कोई प्रतिफल प्राप्त करने के लिए या उसके या किसी तीसरे पक्ष के निर्णय को प्रभावित करने (Believe की ओर से कोई अनुबंध, Believe द्वारा वितरण किए गए टाइटिल का प्रसार इत्यादि) के लिए उपहार या निमंत्रण की पेशकश करना;

- कोई अनुबंध प्रदान करने या किसी Believe व्यावसायिक भागीदार को चुनने के लिए प्रतिफल, पुरस्कार या अभिप्रेरण के रूप में उपहार या निमंत्रण का अनुरोध या भुगतान स्वीकार करना;

- किसी टेंडर चरण के दौरान या किसी ठेके की बातचीत के दौरान कोई उपहार या निमंत्रण पेश करना या स्वीकार करना।

हालांकि, और उपरोक्त के अनुसार, प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष अधिकतम 200 यूरो की राशि तक, कुछ उपहार और निमंत्रण पेश या स्वीकार किए जा सकते हैं।

सभी मामलों में, कर्मचारी को उसके द्वारा पेश और स्वीकार किए गए उपहारों और आमंत्रणों के लिखित तथा विधिवत सहायक दस्तावेज रखने होंगे।

उपहारों और आमंत्रणों के संबंध में शंका या सवाल की स्थिति में, कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अनुपालन अधिकारी या कानूनी मामलों के निदेशक से संपर्क करें।

उदाहरण:

कोई कर्मचारी किसी निर्माताा को वर्षांत के त्योहारी मौसम के लिए चॉकलेट का डिब्बा पेश कर सकता है क्योंकि यह उचित और 200 यूरो से कम मूल्य का उपहार है जो उस दौरान दिया जा रहा है जब चॉकलेट पारंपरिक रूप से लिए और दिए जाते हैं।

दूसरी तरफ, किसी कर्मचारी को विदेश में फुटबॉल विश्व कप की टिकट पेश करने या स्वीकार करने से बचना चाहिए क्योंकि यह एक मूल्यवान उपहार है जो कि पेशे और इसके व्यवहार के अनुकूल नहीं है।

3.2. सुविधा शुल्क भुगतानों का निषेध

सुविधा शुल्क भुगतान वह कम मूल्य की धनराशि है, जो सार्वजनिक पदाधिकारियों द्वारा कुछ प्रशासनिक कार्यों (राजकीय दस्तावेजों के प्रसंस्करण, प्राधिकारिता या परमिट जारी करने, इत्यादि) को प्राप्त करने या तेज करने के लिए अनुरोध की जाती है।

सुविधा शुल्क भुगतानों का सख्ती से निषेध है।

सभी कर्मचारी इनके लिए वचनबद्ध हैं:

- सार्वजनिक अधिकारियों को सटीक और संपूर्ण जानकरी देकर उनके साथ सहयोग करना;

- सार्वजनिक खरीद विनियमों का पालन करना और सार्वजनिक पदाधिकारियों या प्रशासन के प्रतिनिधि, स्थानीय प्राधिकरण या किसी फ्रांसीसी या विदेशी संगठन के प्रतिनिधियों के साथ संबंधों को लेकर विशेष रूप से सतर्क रहना;

- किसी भी सार्वजनिक पदाधिकारीी को कभी भी सुविधा शुल्क का भुगतान नहीं करना, या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, उसे कोई लाभ नहीं देना, जो किसी भी रूप में उस तरीके को प्रभावित कर सकता है जिसमें वह अपने प्राधिकार का उपयोग करता/करती है।

शंका या सवाल की स्थिति में, कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपने लाइन प्रबंधक, अनुपालन अधिकारी या कानूनी मामलों के निदेशक से उनकी राय प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।

3.3. हित के टकराव

हित के टकराव का आशय किसी ऐसाी परिस्थिति से है जिसमें किसी कर्मचारी (या किसी कानूनी या सामान्य व्यक्ति जिससे वह संबंधित या निकट है) का व्यक्तिगत हित Believe के हितों के विपरीत है।

व्यक्तिगत हित का अर्थ ऐसाा हित जो इस बात को प्रभावित कर सकता है या करता दिखाई दे सकता है कि कर्मचारी कैसे अपना कर्तव्य और जिम्मेदारियों को पूरा करता है जो उसे Believe द्वारा सौंपी गई हैं।

उदाहरण के लिए, ऐसाी परिस्थिति तब पैदा होती है जब कोई कर्मचारी:

- Believe की ओर से किसी ठेके की बातचीत करता है जिसमें उसका, या उसके किसी रिश्तेदार का, प्रत्यक्ष रूप से या किसी मध्यस्थ के माध्यम से, व्यक्तिगत हित हो सकता है;

- उसका Believe के किसी व्यावसायिक भागीदार या प्रतिस्पर्धी में कोई वित्तीय हित हो;

- किसी तीसरे पक्ष की ओर से भुगतान के बदले कोई गतिविधि करता है, उदाहरण के लिए, कर्मचारी, सलाहकार, एजेंट, दलाल, इत्यादि के रूप में;

- Believe के प्रतिस्पर्धी के साथ काम करने वाले किसी व्यक्ति के साथ भागीदारी में है;

- किसी ऐसे निर्माताा के साथ किसी अनुबंध में दाखिल होता है जिसके साथ कर्मचारी का जीवनसाथी काम करता/ती है।

उस हद तक जिस तक किसी हित का टकराव भ्रष्टाचार के कृत्य को छिपा सकता है, यह अनिवार्य है कि कर्मचारी हित के टकराव की स्थितियां पैदा होने के बारे में सतर्क रहें।

सभी कर्मचारी इनके लिए वचनबद्ध हैं:

- उनकी ईमानदारी के प्रति संदेह को बढ़ाने वाले किसी व्यक्तिगत, वित्तीय या पारिवारिक हित को आगे रखने से बचते हुए Believe के हित का समर्थन करना;

- किसी संभावित या जाहिर हित के टकराव की स्थिति में अपने लाइन प्रबंधकों को यथासंभव और लिखित में सूचित करना;

- उन्हें सौंपे गई किसी ऐसे कार्य और असाइनमेंट में भाग लेने से बचना, यदि कोई हो, जिनसे हित का टकराव पैदा होने की संभावना है।

उदाहरण:

किसी कर्मचारी की पत्नी की कंपनी के साथ किसी संगीत कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित सेवाओं के लिए अनुबंध करने पर विचार करना Believe के लिए स्वीकार्य हो सकता है। हालांकि, इस संदर्भ में, कर्मचारी को इस स्थिति की घोषणा अपने लाइन प्रबंधक से करनी होगी और सेवा प्रदाना के चयन में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने से बचना होगा।

कोई कर्मचारी Believe के प्रबंधन को सूचित किए बगैर और पूर्व अनुमति लिए बगैर किसी कंपनी के साथ किसी अनुबंध में दाखिल नहीं हो सकता है, जिसमें वह शेयरधारक है।

3.4. भर्ती

किसी नए कर्मचारी की भर्ती करना उस स्थिति में भ्रष्टाचार का कृत्य माना जा सकता है जहां किसी तीसरे पक्ष द्वारा किसी विशेष उम्मीदवार की भर्ती के बदले में Believe को अनुचित लाभ प्रदान किया जाता है, खासतौर पर किसी भविष्य के अनुबंध से लाभान्वित होने के लिए या किसी प्रशासनिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए।

इस प्रकार Believe प्रत्येक कर्मचारी से अन्य कर्मचारी की भर्ती के बदले में किसी तीसरे पक्ष द्वारा प्रदान किए गए किसी भी अनुचित लाभ को अस्वीकार करने की अपेक्षा रखती है।

उदाहरण:

किसी कर्मचारी को नए अनुबंध में दाखिल करने के वादे के बदले में अपने किसी ग्राहक के बेटे को इंटरनैशनल में लेने का अनुरोध, यदि उसमें आवश्यक योग्यता नहीं है या उसे टैरिफ शेड्यूल में प्रदान किए जाने वाले पारिश्रमिक से अधिक पारिश्रमिक देने, साथ ही साथ कंपनी आवास जैसे लाभ प्रदान करने के अनुरोध को अस्वीकार करना चाहिए।

3.5. व्यावसायिक भागीदार

भ्रष्टाचार का जोखिम तब मौजूद रहता है जब Believe के अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान विभिन्न व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यावसायिक रिश्ते होते हैं।

वास्तव में, कई परिस्थितियों में, कोई कंपनी अपने व्यावसायिक भागीदार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कार्यों के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी हो सकती है।

उनकी गतिविधियों के दौरान, कर्मचारी कई व्यावसायिक भागीदारों के संपर्क में रहते हैं, जैसे कि निर्माताा, कलाकार और उनके एजेंट या वकील, वितरक, मध्यस्थ, आपूर्तिकर्ता, सेवा प्रदाना, ग्राहक इत्यादि।

वे इस संदर्भ में Believe द्वारा स्थापित आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करते हैं।

सभी कर्मचारी इनके लिए वचनबद्ध हैं:

- अनुकूलित व्यावसायिक भागीदार की ईमानदारी और उसकी विशिष्ट स्थिति के अनुपात (प्रतिष्ठा और किसी लंबित या पूर्व अभियोग, आवश्यक क्षेत्र में कौशल और संसाधन, किसी सार्वजनिक पदाधिकारीी के साथ जारी या पूर्व अनुबंधात्मक संबंध, इत्यादि) से संबंधित यथोचित छानबीन करना;

- जहां पर लागू हो, किसी व्यावसायिक भागीदार को निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता, सेवा, लागत, विनियमों के अनुपालन इत्यादि जैसे पूर्वपरिभाषित और पारदर्शी मापदंड के आधार पर चुनें।

किसी व्यावसायिक भागीदार के साथ किसी भी व्यावसायिक संबंध में लिखित और हस्ताक्षरित अनुबंध स्थापित होना चाहिए। इस अनुबंध में यह पुष्टि करने वाला एक खंड शामिल होना चाहिए कि सह-ठेकेदार सभी लागू विनियमों का अनुपालन करने की शपथ लेता है।

किए गए भुगतान हमेशा वैध ,अनुबंध की शर्तों के अनुसार, एक उचित पारिश्रमिक के अनुरूप और प्रदान की गई सेवा के अनुपात में होने चाहिए।

निम्नमध्यम कृत्य वर्जित हैं:

- नकदी में भुगतान करना;
- अनुबंध के हस्ताक्षरकर्ता से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान करना;
- अनुबंध की सामग्री के अनुसार सहायक चालान (इनवॉयस) की प्रस्तुति के बगैर भुगतान करना।

बाद के किसी भी सत्यापन के लिए, व्यावसायिक भागीदार के व्यवसाय के विशिष्ट सभी दस्तावेज, (अनुबंध, सेवाओं, चालान, भुगतान इत्यादि के साक्ष्य) पूरे व्यावसायिक संबंधों के दौरान रखे जाने चाहिए।

3.6. पैरवी करना (लॉबिंग)

लॉबिंग को ऐसी किसी भी गतिविधि के रूप में परिभाषित किया गया है जो किसी सरकार या संगठन के निर्णयों या निर्देशों को किसी विशिष्ट कारण या अपेक्षित परिणाम के पक्ष में प्रभावित करने के लिए तैयार की गई हो। विशेष रूप से, यह किसी कंपनी या समूह की गतिविधियों से संबंधित मामलों पर सार्वजनिक नीतियों के विकास में एक रचनात्मक और पारदर्शी योगदान है। इस योगदान का लक्ष्य सार्वजनिक नीति निर्माताओं की सोच को समृद्ध करना है।

लॉबिंग और भ्रष्टाचार के बीच का अंतर कई बार बहुत बारीक होता है। वास्तव में, लॉबिंग, हालांकि यह सिद्धांतों में अनुमत है, तब गलत और भ्रष्ट हो जाती है जब लॉबिंग की गतिविधि करने वाला व्यक्ति अपने लाभ के लिए किसी सार्वजनिक पदाधिकारी को, ऐसे कानून या गतिविधि का समर्थन करने को प्रोत्साहित करने के लिए किसी लाभ की पेशकश करता या पेशकश का इरादा करता है ।

सभी कर्मचारी इनके लिए वचनबद्ध हैं:

- उस परिस्थिति या महफूज किए जा रहे हितों की परवाह किए बगैर, सार्वजनिक पदाधिकारियों के साथ सभी रिश्तों में ईमानदारी, बौद्धिक सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता का प्रदर्शन करने के लिए;
- किसी दबाव का उपयोग किए बगैर जानकरी या निर्णय प्राप्त करने की मांग किए बिना, विश्वसनीय और निष्पक्ष जानकरी प्रदान करने के लिए;
- कोई अनुचित लाभ या अनुकूल निर्णय प्राप्त करने की मांग न करने के लिए;
- इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि प्रतिनिधि अपनी गतिविधियां इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता और लागू विनियमों के अनुपालन में करते हैं।

3.7. दान, प्रायोजन और प्रायोजित करना

Believe दान कर सकती है, खासतौर पर संघों को, और संरक्षक के बतौर कार्य और प्रायोजन गतिविधियां कर सकती है।

दान या प्रायोजनकर्ता निकाय की प्रतिष्ठा का पूर्व आश्वासन प्राप्त किया जाना चाहिए।

ये दान, संरक्षण और प्रायोजन गतिविधियां, कुछ मामलों में, अनुचित लाभ प्राप्त करने या पेश करने के लिए की जा सकती हैं; ऐसे मामलों में ऐसे व्यवहार भ्रष्टाचार के रूप में वर्गीकरण किए जा सकते हैं।

इस प्रकार, Believe प्रत्येक कर्मचारी से निम्नलिखित नियमों के पालन की अपेक्षा रखती है:

- दान, संरक्षण और प्रायोजन गतिविधियां, Believe के भीतर लागू प्रक्रिया के भाग के रूप में, लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन के विषयाधीन अनुमत हैं;

- दान, संरक्षण और प्रायोजन गतिविधियां किसी अनुचित लाभ को प्राप्त करने या पेश करने या अनुचित रूप से किसी निर्णय को प्रभावित करने के लिए नहीं की जानी चाहिए;

- दान किसी सामान्य व्यक्ति को नहीं किया जाना चाहिए और नगदी में भुगतान नहीं होना चाहिए।

- दान, संरक्षण और प्रायोजन गतिविधियां Believe के प्रबंधन द्वारा अधिकृत होनी चाहिए और Believe के भीतर लागू नियमों के अनुसार मान्य किसी वैध संरक्षण या प्रायोजन अनुबंध के विषयाधीन (कम से कम वित्तीय प्रबंधन और कानूनी विभाग द्वारा मान्य) होनी चाहिए।

3.8. अधिग्रहण, इक्विटी निवेश और संयुक्त उद्यम

कंपनियों के अधिग्रहण, किसी पूर्ण व्यावसायिक खंड से संबंधित परिसंपत्तियों का अधिग्रहण, इक्विटी हितों का अधिग्रहण, विलय या संयुक्त उद्यम की स्थापना में, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लक्ष्य या भागीदार लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों के संबंध में अनुचित रूप से व्यवहार न करते हैं और न किया है, तथा यह इस क्षेत्र में लागू कानून के अनुपालन में हैं।

वास्तव में, उपरोक्त उल्लिखित परिचालनों में, Believe का दीवानी या आपराधिक उत्तरदायित्व हो सकता है और इसके गंभीर वाणिज्यिक, वित्तीय और प्रतिष्ठा से जुड़े दुष्परिणाम हो सकते हैं।

इस प्रकार, निम्नमध्यम कार्य करना उपयुक्त है:

- अधिग्रहण, इक्विटी अधिग्रहण या संयुक्त उद्यम के भाग के रूप में यथोचीत छानबीन प्रक्रियाओं में एक भ्रष्टाचार-रोधी घटक शामिल करें;

- सुनिश्चित करें कि लक्ष्य (टारगेट) या भागीदार लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का पालन करते हों।

3.9. बही खातों और अभिलेखों का रखरखाव और सटीकता

यहां संदर्भ बही खाते और अभिलेख सभी लेखांकन, वित्तीय और वाणिज्यिक अभिलेखों के लिए हैं। इसमें लेखांकन, वित्तीय और वाणिज्यिक क्षेत्र से संबंधित खाते, पत्राचार, सारांश, बहीखाते और अन्य दस्तावेज शामिल हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में, यह आवश्यक है कि लेनदेन पारदर्शी, व्यापक रूप से प्रलेखित और उन खातों में आवंटित हों, जो सटीकता से उनकी प्रकृति को दर्शाते हों।

इस प्रकार, यह उपयुक्त है:

- Believe के बहीखातों और अभिलेखों में कोई भी प्रविष्टि निराधार, त्रुटिपूर्ण, फर्जी या काल्पनिक नहीं है। इसलिए, Believe की ओर से किए गए या जारी किए गए किसी भुगतान को छिपाना या छिपाने का प्रयास करना, या इसे किसी भी प्रकार से पुनर्वर्गीकृत करना या छिपाना वर्जित है।

- यह कि Believe के बहीखाते और अभिलेख लेनदेनों का उचित और सटीक प्रदर्शन हैं और वे लेखांकन के मापदंडों तथा लागू मापदंडों के अनुसार तैयार किए गए हैं;
- यह कि Believe के भीतर स्थापित सभी अनुमोदन नियंत्रण और प्रक्रियाओं को लागू किया गया है;
- ताकि संबंधित सेवाओं की उपयुक्तता और संबंधित भुगतानों को प्रदर्शित करने वाले दस्तावेजों का रखरखाव किया जा सके;
- यह कि लाइन प्रबंधक द्वारा अधिकृत किए गए सभी वित्तीय लेनदेन आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं का पालन करते हैं।

4. भ्रष्टाचार-रोधी संहिता और लागू प्रतिबंधों का अनुपालन

4.1. भ्रष्टाचार-रोधी संहिता की व्याख्याा और प्रयोग

प्रत्येक कर्मचारी को इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता को पढ़ना, समझना और इसका पालन करना होगा।

Believe के कानूनी मामलों के निदेशक, अनुपालन अधिकारी और मानव संसाधन प्रबंधक विशेष रूप से कर्मचारियों द्वारा इसका प्रसार और सम्मान किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

कोई भी कर्मचारी जिसे इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में बताए गए मामलों के संबंध में, और विशेष रूप से किसी खास परिस्थिति में इसके इस्तेमाल के संबंध में व्याख्याा की कठिनाइयों की स्थिति में सहायता की आवश्यकता हो, तो वह अनुपालन अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

4.2. अलर्ट करने का अधिकार

कर्मचारी और व्यावसायिक भागीदार, इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता के विपरीत आचरण या परिस्थिति की मौजूदगी की, जिससे वे व्यक्तिगत रूप से अवगत हैं, जहां तक इनके भ्रष्टाचार या रसूख के इस्तेमाल के चिह्नित कृत्य होने की संभावना है, स्वार्थरहित तरीके से और नेक नीयती से सूचना देने के लिए, Believe द्वारा स्थापित पेशेवर अलर्ट सिस्टम का उपयोग कर सकते हैं।

यद्यपि, किसी लाइन प्रबंधक को चिंताओं की रिपोर्ट करना अभी भी संभव है, पेशेवर अलर्ट सिस्टम गोपनीयता की गारंटी सहित, कर्मचारियों को कोई रिपोर्ट जारी करने में बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान करता है।

हालांकि, इसका उपयोग वैकल्पिक है।

व्यवहार में, कोई भी कर्मचारी, भले ही वह संदेह में क्यों न हो, Believe के पेशेवर अलर्ट सिस्टम से संबंधित प्रक्रिया के अनुसार अपनी रिपोर्ट भेज सकता है।

इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता के नियमों के उल्लंघन या उल्लंघन के संदेह की नेक नीयत और स्वार्थरहित तरीके से सूचना देने वाले कर्मचारी के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

यह प्रक्रिया Believe के इंट्रानेट पर हर समय उपलब्ध है।

4.3. भ्रष्टाचार-रोधी संहिता के उल्लंघन का परिणाम

इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में स्थापित नियमों का पालन करने में विफलता के गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं, न केवल Believe के लिए, बल्कि कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के लिए भी।

Believe के लिए, इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में स्थापित नियमों के विपरीत कोई भी व्यवहार न केवल उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है और उसकी गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है, बल्कि साथ ही उसे किसी भी हुए नुकसान का मुआवजा देना और आपराधिक अभियोजन का सामना करना पड़ सकता है।

यह दोहराया जा रहा है कि भ्रष्टाचार-रोधी संहिता Believe के आंतरिक विनियमों का अभिन्न अंग है। इसका पालन करने में विफलता का परिणाम उक्त आंतरिक विनियमों में निर्धारित शर्तों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में हो सकता है।

इसलिए, कर्मचारियों के लिए, जहां परिस्थितियों द्वारा उचित हो, इस भ्रष्टाचार-रोधी संहिता में स्थापित किए गए भ्रष्टाचार-रोधी नियमों का उल्लंघन उन्हें आंतरिक विनियमों में निर्धारित शर्तों के तहत रोजगार अनुबंध की समाप्ति, साथ ही साथ व्यक्तिगत, आपराधिक और/या दीवानी कार्यवाहियों तक और उनके साथ अनुशासनात्मक दंड का भागी बन सकता है।